प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 31.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- जैक इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी, साइंस में 79 और कॉमर्स में 91 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थी सफल, दोनों संकायों में लड़कियां आगे।
- झामुमो ने भाजपा पर सेना के राजनीतिक इस्तेमाल का लगाया आरोप, भाजपा ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से इंडी गठबंधन के नेता हताश।
- राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह तक पहुंची, स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के लिए जारी की एडवाइजरी।
- हजारीबाग ओपन जेल में बंद नक्सली ने की आत्महत्या, छानबीन में जुटा जेल प्रशासन, कुछ साल पहले किया था आत्मसमर्पण।
- झारखंड की जानी–मानी हॉकी कोच प्रतिमा बरवा की स्थिति बेहद गंभीर, सलीमा टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग समेत कई नामी खिलाड़ियों को दे चुकी हैं प्रशिक्षण।

*********************

झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक ने आज इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। जैक परिसर में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इंटरमीडिएट विज्ञान और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया। इंटरमीडिएट विज्ञान में 99 हजार 131 विद्यार्थी शामिल हुए थे जबकि कॉमर्स में 22 हजार 175 छात्रों ने परीक्षा दी थी। कॉमर्स में 91 दशमलव शून्य दो प्रतिशत छात्र–छात्राएं सफल हुए हैं जबकि साइंस में 79 दशमलव दो छह प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। दोनों संकायों में इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है।

*********************

झामुमो के महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने भाजपा पर सेना के राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से घर–घर सिंदूर बांटने का एक राजनीतिक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह भारतीय महिलाओं और सनातन धर्म के साथ क्रूर मजाक है।

*********************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसपर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा सिंदूर यात्रा निकाले जाने की खबर बेबुनियाद है। श्री शाहदेव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर इंडी गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज़ पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं।

*********************

राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह तक पहुंच गयी है। राजधानी रांची में मिले चार संक्रमितों के बाद जमशेदपुर में भी दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इस बीच स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों को एडवायजरी जारी की है। उन्होंने सैंपलों को रिम्स भेज जीनोम सिक्वेंसिंग कराने का भी निर्देश दिया है। आज राज्य के सभी जिलों में ऑक्सीजन इंफ्रास्ट्रक्चर की मॉक ड्रिल की जायेगी।

*********************

हजारीबाग ओपन जेल में बंद एक नक्सली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्मसमर्पण करने वाला नक्सली छोटा श्यामलाल देहरी की आत्महत्या की पुष्टि जेल प्रशासन ने की है। उसने कुछ वर्ष पूर्व आत्मसमर्पण किया था और वर्ष 2021 में उसे दुमका से हजारीबाग शिफ्ट किया गया था। 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र का रहने वाला था और वह आठ मामलों में विचाराधीन था। घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभाग को दे दी गई है। जेल प्रशासन आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गया है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार वचनबद्ध है। श्री मोदी ने नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

*********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को याद कर रहे हैं, जिन्होंने वर्ष 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*********************

सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बानो के कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से प्रखंड की बड़काडुईल , लामगढ़ और बिंगोरा गांव में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को खरीफ फसलों के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी, कृषि से सम्बंधित सरकार की लाभकारी योजनाओं, फसल चयन और उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई।

*********************

सरायकेला–खरसावां जिले में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने अपराध की समीक्षा की। सरायकेला एवं चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के अलावा सभी पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। बैठक में थानावार परफॉरमेंस की समीक्षा की गई और आगामी पखवाड़े के लिए कार्य योजना तैयार की गई।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव अठासी हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

*********************

ओलंपियन सलीमा टेटे समेत झारखंड की कई खिलाड़ियों को हॉकी की बारीकियां सिखाने वाली कोच प्रतिमा बरवा की स्थिति बेहद गंभीर है। 29 मई को खूंटी में पैरालिसिस अटैक के बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज उनके निधन की खबर आयी थी लेकिन अस्पताल ने अब से थोड़ी देर पहले अपने मेडिकल बुलेटिन में कहा है कि प्रतिमा बरवा का मेडिकल डेथ नहीं हुई है और दोबारा उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।

*********************